दिन—बुधवार दिनांक— 11 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि सरकार अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है। आज अररिया में समृद्धि यात्रा के दौरान जनसंवाद को संबोधित करते हुये श्री कुमार ने कहा कि पचास लाख युवाओं को नौकरी दी गयी है। उन्होंने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। श्री कुमार ने कहा कि वर्ष दो हजार सोलह में उन्होंने महिलाओं के लिए नौकरी में आरक्षण का प्रावधान किया गया। वर्ष दो हजार छह में जीविका की शुरूआत की गयी। इन सभी प्रयासों से महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के विकास के लिए केन्द्र सरकार का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने सुशासन के साथ विकास के नये प्रतिमान गढ़े हैं। उन्होंने कहा कि राज्यसभा जाने के बाद भी नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में ही राज्य सरकार काम करेगी। श्री कुमार अभी किशनगंज में समृद्धि यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं।

———————————————————————

लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा जारी है। चर्चा में भाग लेते हुये नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें सदन में बोलने पर बार—बार टोका जाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर समझौतावादी होने का आरोप लगाया। इस पर भाजपा सदस्य रविशंकर प्रसाद ने आपत्ति जताते हुये कहा कि ऐसा कभी सम्भव ही नहीं है। चर्चा में हस्तक्षेप करते हुये संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्य संसदीय परम्पराओं का बार—बार उल्लंघन करते हैं। गृह मंत्री अमित शाह आज अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देंगे।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने कहा है कि देश में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए ईंधन की कोई कमी नहीं है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरकार देश के घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ती ऊर्जा की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि भारत का ऊर्जा आयात विभिन्न स्रोतों और मार्गों से लगातार जारी है। इधर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि

रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सभी जिलों में सख्ती से निगरानी करने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई प्रभावी कदम उठाये हैं। इस बीच, पुलिस मुख्यालय के स्पेशल ब्रांच के उप महानिरीक्षक ने सभी प्रमंडलीय आयुक्त और जिलाधिकारियों को रसोई गैस और पेट्रोल के जमाखोरों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

सुपौल के बीरपुर हवाई अड्डे के विकास और उन्नयन के लिए छत्तीस करोड़ अड़तीस लाख रूपये की निविदा प्रकाशित की गयी है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके तहत आधुनिक टर्मिनल भवन, एटीसी टावर और फायर स्टेशन समेत अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं का विकास किया जायेगा। उपमुख्यमत्री ने कहा कि निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए पन्द्रह महीने का समय निर्धारित किया गया है।

मौसम विभाग ने कहा है कि कल पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने के साथ मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–बीसीसीआई ने आईसीसी टी–20 विश्‍व कप जीतने वाली भारतीय टीम के लिए एक सौ इकतीस करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। यह पुरस्कार सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली विजेता टीम के पन्द्रह खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और अन्य सहायक कर्मचारियों के बीच बांटा जाएगा। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने फाइनल में न्यूजीलैंड को छियानवे रनों से हराकर रिकॉर्ड तीसरी बार विश्‍व कप का खिताब अपने नाम किया था।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।